प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 17.04.2025

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को नक्सलमुक्त बनाने में सीआरपीएफ के जवान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

- राज्य मंत्रिमंडल ने व्यापारियों की पच्चीस हजार रूपये तक की वैट देनदारियों को माफ करने का निर्णय लिया—रायपुर में खोला जाएगा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान।

- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग—अलग थाना क्षेत्रों से बाईस माओवादियों को गिरफ्तार किया।

- ईओडब्ल्यू ने तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में भारतीय वन सेवा के अधिकारी अशोक पटेल को किया गिरफ्तार।

<u>सीआरपीएफ स्थापना दिवस—अमित शाह</u>
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मार्च दो हजार छब्बीस तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा और इसमें सीआरपीएफ के जवान सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री शाह आज मध्यप्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ के छियासीवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोबरा बटालियन के जवान देश को नक्सल मुक्त बनाने में अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं और उनके साहस के बल पर ही नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्ति का देश का संकल्प पूरा होगा।

श्री शाह ने सीआरपीएफ के शहीद जवानों के परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि देश सशक्त और समृद्ध बन रहा है, इसमें उनके परिवार का अतुलनीय योगदान है।

सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक बाईस सौ चौंसठ जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश की सुरक्षा के लिए दिया है। सभी 22 सौ 64 शहीदों के परिवारजनों को मैं कहना चाहता हूं कि आज देश 2047 में सर्वोच्च बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उसमें आपके परिवारजनों के ये बलिदान का बहुत बड़ा योगदान है।

इस अवसर पर श्री शाह ने जवानों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परेड का निरीक्षण भी किया।

<u>माओवादी गिरफ्तार/आईईडी बरामद</u>

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग—अलग थाना क्षेत्रों से बाईस माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो माओवादियों पर इनाम घोषित था। इन माओवादियों के पास से टिफिन बम, विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस के मुताबिक उसूर थाना क्षेत्र से कोबरा बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन के लिए टेकमेटला की ओर निकली थी। इस दौरान टेकमेटला के जंगल से विस्फोटक के साथ सात माओवादियों को पकड़ा गया। वहीं, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी की टीम ने जांगला थाना क्षेत्र के

अंतर्गत बेलचर के जंगल से सर्चिंग के दौरान छह माओवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांदाकरका के जंगल से सीआरपीएफ की टीम ने नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

वहीं, नारायणपुर जिले के धनोरा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पांच–पांच किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं। वहीं, चार संदिग्ध व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक कुकर बम, दो डेटोनेटर सहित माओवादी साहित्य बरामद किया गया है।

इसी जिले के कोहकामेटा क्षेत्र के अंतर्गत गट्टाकाल के जंगल से भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी की टीम ने पांच किलोग्राम वजनी एक कुकर बम बरामद किया है। बम निरोधक दस्ते ने इस बम को निष्क्रिय कर दिया।

<u>मंत्रिपरिषद निर्णय</u>
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, व्यावसायिक परीक्षा मंडल और विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होने वाले छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क वापस किया जाएगा। श्री साव ने बताया कि राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य मंत्रिमंडल ने दस साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में पच्चीस हजार रूपये तक की वैट देनदारियों को माफ करने का निर्णय लिया है। इससे चालीस हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ पहुंचेगा।

कैबिनेट बैठक में नवा रायपुर में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट
के कैम्पस को भी मंजूरी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब दो सौ इकहत्तर करोड़ रुपये होगी।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में बायो–सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती दर पर शासकीय भूमि आबंटन किए जाने की सहमति प्रदान की है।

<u>मुख्यमंत्री–अग्निशमन वाहन</u>
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के माना कैंप स्थित नगर सेना केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीस नये अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने नवा रायपुर के सेक्टर–तेरह में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र सह आवासीय परिसर और माना में नवीन सेनानी कार्यालय का भी लोकार्पण किया।

<u>समावेशी आजीविका योजना</u>
जशपुर और कबीरधाम जिले के पांच विकासखंडों में आज छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का शुभारंभ हुआ। इस योजना के तहत इन दोनों जिलों के पांच हजार अति गरीब परिवारों को अगले तीन वर्षों में प्रशिक्षण, विशेष कार्ययोजना और सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्थायी आजीविका से जोड़ा जाएगा। नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–बिहान और बीआरएसी इंटरनेशनल के बीच तीन साल के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

<u>अस्थायी बिजली कनेक्शन</u>
राज्य सरकार ने व्यवसायियों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। नई प्रणाली के तहत व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अशोक पटेल–गिरफ्तार

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने आज तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में भारतीय वन सेवा के अधिकारी अशोक पटेल को गिरफ्तार किया है। अशोक पटेल सुकमा जिले के पूर्व डीएफओ हैं। गौरतलब है कि तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में राज्य सरकार ने पिछले महीने अशोक पटेल को निलंबित कर दिया था। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने इनके कई ठिकानों पर छापा मारा था। छापे के दौरान तेंदूपत्ता बोनस घोटाले के कई साक्ष्य मिले थे। वहीं, तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में पूर्व विधायक और सीपीआई नेता मनीष कुंजाम के घर के अलावा जगरगुंडा, पालाचलमा, कर्कोटा और एर्राबोर इलाकों में तेंदूपत्ता प्रबंधकों के ठिकानों पर भी छापे की कार्रवाई की गई थी।

महादेव सट्टा ऐप–कार्रवाई

महादेव सट्टा ऐप मामले में रायपुर पुलिस ने कोलकाता और गुवाहाटी से चौदह सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनमें छत्तीसगढ़ के छह सटोरिए सहित झारखंड के तीन, मध्यप्रदेश के दो, पंजाब, उत्तरप्रदेश और बिहार के एक–एक आरोपी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपी विभिन्न पैनलों के माध्यम से सट्टे का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से तीस लाख रुपये मूल्य के सड़सठ मोबाइल फोन, आठ लैपटॉप, चार राउटर, चौरानवे एटीएम कार्ड, पंद्रह सिम कार्ड, बत्तीस बैंक पासबुक, तीन चेकबुक और सीसीटीवी कैमरा जब्त किया है।

हाईकोर्ट–प्राचार्य पदोन्नति

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आज मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच ने प्राचार्य पदोन्नति को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को जानकारी दी कि प्राचार्य पदोन्नति से संबंधित अन्य याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट की अलग–अलग बेंचों में चल रही है। इस पर
मुख्य न्यायाधीश ने रजिस्ट्रार जनरल को सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने के निर्देश दिए। अब इस मामले की अगली सुनवाई एक मई को होगी।

मौसम

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी चेतावनी दी है। अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होने की संभावना है। अगले तीन दिनों में तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बॉडी–बिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के चार खिलाड़ियों – सूरज राजपूत, दीपाली सोनी, अभिषेक तिवारी और अनुराग जांगड़े ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

- दुर्ग जिले के नेवई इलाके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब पंद्रह किलो गांजा बरामद किया है।
- कोरिया जिले के प्रेमाबाग में आज एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई, जिसकी चपेट में आने से आठ साल की बच्ची की मौत हो गई।
- सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के छुहिपाली गांव के पास तेज रफ्तार चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में सोलह लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है।
- नारायणपुर से ओरछा जा रही एक यात्री बस के आज दोपहर गढ़बेंगाल कुकुर नदी के पुल के पास अनियंत्रित होकर पलटने से दस से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।